दिन– सोमवार दिनांक– 13 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ आज पौष पूर्णिमा के अवसर पर अमृत स्नान के साथ प्रयागराज में शुरू हो गया है। लाखों श्रद्धालु पवित्र गंगा, यमुना और सरस्वती नदी के संगम त्रिवेणी के विभिन्न घाटों पर डुबकी लगा रहे हैं। यह आयोजन छब्बीस फरवरी को महाशिवरात्रि तक जारी रहेगा। एक सौ चौवालीस वर्षों में केवल एक बार होने वाला एक दुर्लभ खगोलीय संयोग इस वर्ष महाकुंभ की विशेषता को और बढ़ा रहा है। अनुष्ठान स्नान के बाद लाखों श्रद्धालु संगम पर एक महीने के लिए कल्पवास की प्राचीन परंपरा का भी पालन करेंगे। इस आयोजन के लिए सात स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। वहीं, लोगों की सुविधा के लिए भी विशेष इंतजाम किये गये हैं।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के शुभारंभ पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री ने इसे भारतीय मूल्यों और संस्कृति को संजोने वाले करोड़ों लोगों के लिए एक विशेष दिन बताया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ देश की शाश्वत आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है और आस्था तथा सद्भाव का उत्सव है।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज अपनी प्रगति यात्रा के दौरान समस्तीपुर जिले में नौ सौ करोड़ रूपये से अधिक की विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। श्री कुमार ने इस दौरान स्थानीय लोगों और जीविका दीदियों के साथ संवाद भी किया।

———————————————————

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के पटना स्थित सरकारी आवास पर मकर संक्रांति समारोह का आयोजन किया गया। इसमें राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान,

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य शामिल हुए। इधर, रोहतास जिले के भलुनीधाम में आयोजित सामाजिक समरसता भोज में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल शामिल हुए।

———————————————————————

राज्य सरकार ने सड़क दुर्घटना के शिकार लोगों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निजी एम्बुलेंस सेवा को आपातकालीन सेवा से जोड़ने का फैसला किया है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि पहले चरण में मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत दी गई एम्बुलेंस को आपातकालीन सेवा डायल एक शून्य दो से जोड़ा जायेगा। इसके बाद सभी निजी एम्बुलेंस को इस सेवा से जोड़ा जायेगा।

———————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के रघुनाथपुर थाना हाजत में एक कैदी द्वारा आत्महत्या किये जाने के मामले में पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने अपर थानाध्यक्ष भीम सिंह और दारोगा नंदिनी कुमारी समेत तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। उन्होंने बताया कि तीनों पुलिसकर्मी से इस मामले में स्पष्टीकरण की मांग की गई है।

———————————————————————

पछुआ हवा का प्रभाव कम होने से प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान नौ दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ वाल्मिकीनगर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान पन्द्रह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले पांच दिनों के दौरान मौसम के रूख में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। वहीं, सुबह के समय अधिकांश स्थानों पर हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहेगा।

———————————————————————

समाप्त